आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



माँ कालरात्री
सांतवा नवरात्री

बर्ष :12 अंक :282 पृष्ठ -4 दिनांक 09अक्टूबर 2024 दिन बुधवार

## हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद यूपी में भी सपा ने दिया बड़ा झटका, अखिलेश यादव ने लिया अहम फैसला

### चुनाव हारने के बाद कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी कोबड़ा झटका



हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में भी बड़ा झटका लगा है. सपा ने हरियाणा चुनाव परिणाम के अगले दिन यानी बुधवार को ही उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए 10 में से 6 प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है. सपा ने जिन 6 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है उसमें से 2 सीटें ऐसी हैं जिन पर साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की थी.सपा ने फूलपुर और मझवां सीट पर प्रत्याशी उतार दिया है. कांग्रेस ने सपा से मांग की थी कि उसे वो सीटें दी जाएं जिन पर बीजेपी ने जीत हासिल की थी. हालांकि कांग्रेस की यह मांग न मान कर सपा और अखिलेश ने सहयोगी दल को कड़ा संदेश देने की कोशिश की है.सपा ने फुल. पुर से मुस्तफा सिद्दीकी और मझवा से ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया है. फूलपुर और मझवां, दोनों सीटों पर बीजेपी ने साल 2022 में जीत दर्ज की थी. सूत्रों के मुताबिक सपा सिर्फ गाजियाबाद शहर और अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट कांग्रेस को गठबंधन में देना चाहती है. यूपी में कुल 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं.

## यूपी में खत्म हो रही है मौसम की लुका-छिपी खत्म, बारिश पर ब्रेक



उत्तर प्रदेश में मौसम के मिजाज ने इन दिनों सभी को कन्फ्यूज कर रखा है. कही बारिश की बूंदाबांदी देखने को मिल रही है तो कहीं उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही हैं. इस बीच तापमान में भी गिरावट आई है. सुबह और शाम को कम गर्मी महसूस हो रही है. मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में गुरुवार से बारिश का सिलसिला थमने जा रहा है. हालांकि आज पूर्वी यूपी के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है. मौसम विभाग ने बुधवार को पश्चिमी और पूर्वी यूपी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना जताई है. हालांकि इस बीच कोई खास चेतावनी जारी नहीं की गई है. वहीं दूसरी तरफ गुरुवार से अब बारिश पर ब्रेक लगने जा रहा है. 10 से 14 अक्टूबर तक मौसम साफ ही रहेगा. ऐसे में लोगों को फिर से धूप और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है. कल से लगेगी बारिश पर ब्रेक इससे पहले सोमवार को मौसम ने एक बार फिर से यूटर्न लिया था, जिसके बाद राजधानी लखनऊ व आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी हुई. मंगलवार को भी कानपुर, महोबा समेत कुछ जगहों पर बारिश की बौछारें देखने को मिली और कई जिलों में बिजली की चमक के साथ बारिश हुई है. जिससे मौसम सुहाना हो गया. लेकिन, कल से मौसम की ये लुक. छिपी खत्म होने जा रही है. आने वाले दिनों में प्रदेश का मौसम शुष्क ही रहेगा. इस बीच अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा. इस बीच कहीं किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है. बुधवार क को पूर्वी यूपी के कुछ इलाकों में कुछ एक जगहों पर हल्की बारिश की बूंदाबांदी हो सकती है. प्रदेश में आज श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतक. बीरनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, संतरविदास नगर, मिर्जापुर और सोनभद्र में एक या दो स्थानों पर बारिश हो सकती है.

## गाड़ी रोकी तो पेट में छुरा घोंप दूंगा.. चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी को जान से मारने की धमकी

यूपी के संभल में वाहन चेकिंग के दौरान चालान काटने पर बाइक सवार दो लोगों ने सरेआम ट्रैफिक पुलिस को छुरा घोंपने की धमकी दी. पुलिस ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी की तहरीर पर इस मामले में शिकायत दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. हालंकि दूसरा आरोपी फरार हो गया. इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जिसमें आरोपी पेट में छुरा घोंपने की धमकी देता दिख रहा है. ये घटना चंदौसी कोतवाली थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां मंगलवार को यातायात पुलिस कर्मी देवेंद्र अपने सहकर्मी, कुणाल के साथ वाहनों की चे. कंग कर रहे थे, इसकी दौरान लाल पेट्रोल पंप के पास से दो बाइकसवार आकर रुके. उन्होंने हेलमेट नहीं पहना हुआ था. जिसके बाद देवेंद्र ने बाइक चला रहे रहीश अहमद को रोक लिया. ट्रैफिक पुलिसवाले को दी छुरा घोंपने की धमकी देवेंद्र ने इसके बाद दोनों की बाइक के पेपर चेक किए इस दौरान उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला. जिसके बाद देवेंद्र ने बिना हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत उनका चालान काट दिया. चालान कटने के बाद रहीश अहमद के साथ बाइक पर बैठा दूसरा शख्स बुरी तरह भड़क गया और उसने पुलिसकर्मी को जान से मारने तक की धमकी दे डाली. इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें आरोपी पुलिसकर्मी देवेंद्र से ये कहता हुआ नजर आ रहा है कि श्अगर आज के बाद गाड़ी रोक दी ना...तो छुरा लेकर आऊंगा..पेट में घुसेड़ दूंगा.. आज के बाद अगर गाड़ी रोक दी तो.श इसके बाद पुलिसकर्मी के साथ भी दोनों बहस करते दिखाई दिए, इस बीच आसपास खड़े लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया. इस मामले में चंदौसी कोतवाली पुलिस ने देवेंद्र की तहरीर पर शिकायत कर ली है. जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया. दूसरे आरोपी की तलाश के लिए टीम बनाई गई हैं, पुलिस इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है.

## महाकुंभ तैनात होंगे अच्छे चरित्रवान पुलिसकर्मी, मांस और शराब पीने वालों की नहीं लगेगी ड्यूटी



प्रयागराज में अगले साल जनवरी में हो रहे महाकुंभ को बेहद भव्य और ऐतिहा. सिक बनाने की तैयारी की जा रही है. वहीं कुंभ मेले को लेकर अब एक बड़ा फैसला किया गया है. इस मेले में अच्छे आचार-विचार वाले पु. लिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा जो मांस मदिरा का सेवन नहीं करते हैं ऐसे ही पुलिसवालों की मेले में ड्यूटी लगाई जाएगी. डीजीपी हेडक्वार्टर ने इस संबंध में सभी कमिश्नरेट और रेंज को खास निर्देश दिए हैं और प्रयागराज भेजे जाने वाले पुलिस बल को लेकर विशेष ध्यान बरतने को कहा है. एडीजी स्थापना संजय सिंघल ने आदेश दिया है कि महाकुंभ में तैनात होने वाले पुलिसक. र्मियों की सत्यनिष्ठा, चरित्र, छवि और चाल चलन अच्छा होना चाहिए. इसके साथ ही उनकी आयु को लेकर भी खास निर्देश दिए गए हैं. पुलिसक. र्मियों की उम्र को लेकर भी निर्देश डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि कुंभ में जिन पुलिसक. र्मियों को ड्यूटी पर भेजा जाएगा उन्हें लेकर खास ध्यान देने की जरुरत हैं. इसके तहत महाकुंभ में आरक्षियों की उम्र सामान्यतः 40 वर्ष तक होनी चाहिए. जबकि मुख्य आरक्षी का उम्र 50 वर्ष से अधिकर और उपनिरीक्षक एवं निरीक्षक की उम्र 55 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. जो पुलिसकर्मी प्रयागराज के निवासी है उनकी कुंभ में ड्यूटी नहीं लगेगी. कुंभ में शाकाहारी, ऊर्जावान, धूम्रपान और शराब नहीं पीने वाले और मृदुभाषी पुलिसकर्मियों की ही तैनाती की जाए. जिससे कुंभ मेले की सांस्कृतिक परंपरा और धार्मिक मान्यताओं का पालन हो सके. पहले चरण में पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिए 10 अक्टूबर से दूसरे चरण के लिए 10 नवंबर और तीसरे चरण के लिए 10 दिसंबर ऐसे पुलिसक. र्मियों की लिस्ट भेजने का निर्देश दिया गया है.

## हरियाणा में BSP के साथ हो गया यूपी वाला खेल!

### मायावती बोलीं- काफी नुकसान हुआ


हरियाणा विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हारने वाली बहुजन समाज पार्टी ने राज्य में अपने सहयोगी दल इंडियन नेशनल लोकदल पर ही सवाल उठा दिए हैं. अपने बयान के जरिए उन्होंने बड़ी टिप्पणी की है. उन्होंने दावा किया है कि चौटाला परिवार से जुड़े वोट में फूट थी और इसका फायदा बीजेपी को हुआ. बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, देश में इस बार 18वीं लोकसभा के चुनाव में खासकर कांग्रेस के ष्छक्प्। गठबंधन ने संविधान बचाओ और आरक्षण बचाओ आदि का हथकंडा इस्तेमाल करके इसकी आड़ में देश के विशेषकर भोले-भाले SC&ST और OBC लोगों को गुमराह करके, उनका वोट लेकर अपने गठबंधन को मजबूत बना लिया है जिससे हमारी जैसी और पार्टियों को भी काफी नुकसान हुआ है. यूपी की पूर्व सीएम ने कहा कि इन चुनावों के बाद हुए जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों में हमारी पार्टी इनके और भी हथकंडों और षड्यंत्रों से अपने लोगों को बाहर नहीं निकाल पाई जिससे पार्टी को इन चुनावों में काफी नुकसान उठाना पड़ा है.बसपा चीफ ने कहा कि अब हमें अपनी विशेष रणनीति बनानी होगी.हमे पहले की तरह बीच-बीच में कैडर के जरिए इनके ऐसे सभी हथकंडों और षड्यंत्रों से लोगों को सावधान करते रहना जरूरी है. तभी हमारी पार्टी आगे चलकर पुनरू बेहतर स्थिति में आ सकती है. उन्होंने कहा कि जाट समाज का वोट BSP उम्मीदवारों को बिल्कुल नहीं मिला जबकि ठैच का दलित वोट पूरा ष्छस्क को ट्रांसफर हुआ है.चौटाला परिवार से जुड़ा जाट समाज का वोट इनमें आपस में फूट होने के कारण इसका लाभ भा. जपा को मिला है. इस बार हरियाणा का चुनाव जाट और गैर-जाट समाज में बटकर रह गया.BSP को इससे काफी नुकसान हुआ है.श्किसान विरोधी नीतियों से खुश नहीं... बसपा चीफ ने कहा श्हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के कल के चुनाव नतीजों में हमारी पार्टी की स्थिति के बारे में मैं यही कहना चाहूंगी कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है.कृषि से जुड़े लोग, खासकर जाट समुदाय, राज्य और केंद्र की किसान विरोधी नीतियों और कामों से खुश नहीं हैं.वे अभी भी खुश नहीं हैं इसलिए जाट समुदाय के अधिकांश वोट कांग्रेस पार्टी को मिले.इसलिए बीएसपी-ष्छस्क गठबंधन ने चौटाला परिवार में मची कलह के कारण उनसे जुड़े जाट समुदाय के वोटों का लाभ भाजपा को मिला.श्उन्होंने कहा श्इस कलह के बीच गैर-जाट समुदाय के वोट भी भाजपा को मिले.इस तरह भाजपा यहां एक बार फिर सत्ता में आ गई.इस तरह यह हरियाणा चुनाव जाट और गैर-जाट समुदायों के बीच बंटा रहा.इससे बसपा को काफी नुकसान हुआ. यूपी में जाट समुदाय की जातिवादी मानसिकता बसपा के कारण काफी हद तक बदल गई है, लेकिन हरियाणा में नहीं बदली - दलितों के प्रति उनकी मानसिकता पूरी तरह नहीं बदली.श



# दिल्ली में डेंगू का कहर, 2100 के पार पहुंचा आंकड़ा, दो और लोगों की गई जान

## दिल्ली में इस साल डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 2,115 हुई

दिल्ली–एनसीआर समेत देश के तमाम हिस्सों में बारिश का दौर खत्म हो चुका है, लेकिन इस मौसम में होने वाली बीमारी डेंगू ने अब तक पीछा नहीं छोड़ा है. आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में इस साल डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 2,115 हो गई है. जबकि दो और व्यक्तियों की मौत हो गई है. दिल्ली में सितंबर महीने में इस साल डेंगू से पहली मौत हुई थी.वहीं एक निकाय अधिकारी ने बताया कि दो व्यक्तियों की मौत सफदरजंग अस्पताल और पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग में महाराजा अग्रसेन अस्पताल में हुई है. हालांकि, अधिकारी ने यह नहीं बताया कि मौतें कब हुई. राजधानी में एमसीडी की साप्ताहिक रिपोर्ट में इन मौतों की जानकारी दी गई है. रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक राजधानी में डेंगू से कुल तीन मौतें हुई हैं.पिछले साल हुई थी 19 मौतवहीं पिछले साल दिल्ली में डेंगू से 19 मौतें हुई थीं. दिल्ली में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच सात दिनों की अवधि में डेंगू के 485 और मामले सामने आए हैं. इस अवधि के दौरान सबसे अधिक मामले नजफगढ़ जोन और उसके बाद दक्षिण दिल्ली जोन में दर्ज किए गए. पिछले महीने दिल्ली में डेंगू के 1052 मामले सामने आए थे, जो इस साल अब तक किसी भी महीने में दर्ज सबसे अधिक केस हैं.पिछले हफ्ते 29 सितंबर से अक्टूबर तक मलेरिया के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है, जिसमें 81 मामलों की बढ़ोतरी दर्ज की गई. इस साल मलेरिया के कुल मामलों की संख्या पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर गई



है, जिसमें 5 अक्टूबर तक मलेरिया के 511 मामले दर्ज किए गए हैं. पिछले साल दिल्ली में मलेरिया के 426 मामले सामने आए थे. इसी तरह चिकनगुनिया के मामलों की संख्या भी बढ़ गई है, जो 5 अक्टूबर तक 69 थी. जबकि 2023 में पूरे साल इसके 65 मामले सामने आये थे.क्यों और कैसे होता है डेंगू? डेंगू एक वायरल संक्रमण बीमारी है, जो एडीज एजिप्टी नामक खास मच्छर के काटने से होती है.

कभी–कभी टाइगर मच्छर (एडीज एल्बो. पिक्स) की वजह से भी डेंगू हो जाता है. डेंगू का मच्छर जब किसी हेल्दी शख्स को काटता है तो उसके खून में वायरस को पहुंचा देता है. इससे लोग संक्रमित हो जाते हैं. गौर करने वाली बात यह है कि दुनिया की लगभग आधी आबादी अब डेंगू के खतरे में हैं. अनुमान है कि दुनिया में हर साल 100 से 400 मिलियन लोग डेंगू से संक्रमित हो जाते हैं.

डेंगू के शुरूआती लक्षणडेंगू से पीड़ित अधिकांश लोगों में लक्षण दिखाई नहीं पड़ते हैं. हालांकि, कई लोगों में लक्षण दिखते हैं, जिनमें सबसे आम लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, शरीर में दर्द, उल्टी करना, जी मिचलाना, सूजी हुई लिम्फ ग्रंथियां, मतली और चकत्ते आदि हैं.

## नवरात्रि में मंदिर से लौट रही युवती से छेड़छाड़, विरोध करने . पर भाई की पीट–पीटकर की हत्या

यूपी के हापुड़ से बेहद परेशान करने वाली खबर सामने आई है जहां नवरात्रि में पूजा करके लौट रही युवती से मन. तलों ने छेड़खानी की. जब युवती के भाई ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसे बेरहमी से पीट–पीटकर हत्या कर दी. युवती शारदीय नवरात्रों में माता की पूजा के लिए गांव में ही पास के मंदिर गई थी. वापस लौटते समय उसे रास्ते में मनचलों ने घेर लिया. पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव रजापुर में रहने वाली युवती नवरात्रि में माता की पूजा के लिए गांव के पास स्थित मंदिर में गई थी. पूजा के बाद जब वो वापस लौट रही थी तभी  गांव के दबंगों ने उसे घेर लिया, जिसके बाद युवती के तहेरे भाई ने इसका विरोध किया और मनचलों को थप्पड़ जड़ दिया. जिसके बाद आरोपी युवक बौखला गए और अपने साथ गांव के ही अन्य साथियों को बुला लाए. लाठी–डंडों से पीट–पीटकर हत्यादबंगों ने लाठी–डंडों से युवती और उसके भाई पर हमला कर दिया. जिसके



बाद दोनों की बेरहमी से पिटाई की. घटना के बाद दबंग दोनों को अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गये. घटना के बाद परिवारीजन युवती और उसके भाई को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान भाई की मौत हो गई जबकि युवती की हालत भी गंभीर बताई जा रही है. इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है. पुलिस ने इस मामले में आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. घटना के बाद पुलिस के तमाम आला अधिकारी भी पहुंच गए. गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है. सीओ गढ़मुक्तेश्वर वरूण मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2) (3) (दंगा), 74 (महिला पर हमला या आ. पराधिक बल), 333 (घर अतिचार), 109 (हत्या), 351 (आपराधिक धमकी) और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया. इस मामले में पांच आरोपी चंद्रपाल, कुंवरपाल, लवकुश, सोनू, गुड्डू को गिरफ्तार किया गया है. इनके पास से हत्या में इस्तेमाल लाठी–डंडे बरामद कर लिए गए हैं. पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है.

## उत्तराखंड सरकार ने शहीद सैनिकों के त्याग और बलिदान को रोडवेज बसों में . मिलेगी मुफ्त यात्रा, नहीं देना पड़ेगा किराया, सरकार ने दिये निर्देश



उत्तराखंड सरकार शहीद सैनिकों के परिजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की तैयारी कर रही है. सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैनिक कल्याण विभाग की एक बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं. यह कदम उन परिवारों के सम्मान में उठाया जा रहा है जिन्होंने अपने प्रियजनों को देश की सुरक्षा के लिए खोया है. मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि वर्तमान में वीरता पदक धारक सैनिकों को राज्य परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है.30 सैनिकों मुफ्त पास जारी गणेश जोशी ने कहा कि इस सुविधा का विस्. तार अब शहीद सैनिकों के परिजनों तक किया जाएगा, जिससे उन्हें भी सम्मान के साथ समाज में विशेष दर्जा मिल सके. बैठक में बताया गया कि राज्य के वीरता पदक धारक 30 सैनिकों को पहले ही मुफ्त यात्रा पास जारी किया जा चुका है.इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सं. विदा कर्मचारियों को उपनल कर्मियों की तरह अवकाश प्रदान करने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा. यह प्रस्ताव सरकारी कर्मचारियों को बेहतर कार्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है.अधिकारियों ने यह भी सूचित किया कि सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, विधवाओं और आश्रितों को सेना, अर्ध सैनिक बलों और पुलिस भर्ती में प्रशिक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था के लिए धनराशि को 80 रुपये से बढ़ाकर 225 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है. इससे इन सैनिक परिवारों की आर्थिक मदद और बेहतर ढंग से होगी.शहीदों सै. निकों की याद में स्मारक द्वारइसके अलावा प्रदेश में शहीदों के सम्मान में अलग–अलग स्थानों पर शहीद द्वार का निर्माण भी किया जाएगा. चमोली जिले में लांसनायक रघुवीर सिंह, सिपाही सूरज सिंह तोपाल और महावीर चक्र विजेता अनुसूया प्रसाद के नाम पर द्वार का निर्माण किया जाएगा.इसी क्रम में उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, टिहरी और रुद्रप्रयाग जिलों में भी शहीदों के नाम पर द्वार बनाए जाएंगे, जिससे आने वाली पीढ़ियां इन वीर सैनिकों के बलिदान को हमेशा याद रख सकें. इस फैसले से राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों को न केवल आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि उनके बलिदान को समाज में उच्च सम्मान भी प्राप्त होगा.बैठख में ये अधिकारी रहे मौजूदसैनिक कल्याण मंत्री ने सैन्य धाम के निर्माण कार्यों पर भी चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए. बैठक में सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृतलाल, उप निदेशक कर्नल एमएस जोधा, उप निदेशक देवेंद्र कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे.

## नोएडा पुलिस ने सोसाइटी के फ्लैट्स में चोरी करने वाले 2 चोरों को गिरफ्तार किया, जेवर और नकदी बरामद



नोएडा में पुलिस के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है. यहां पुलिस ने फ्लैटों और घरों में चोरी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से ज्वैलरी और नगदी पुलिस ने बरामद की है. वहीं घटनाओं को अंजाम देने में उपयोग की जा रही एक कार भी बरामद की गई है. नोएडा में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 3,82,928 रुपये और DL 8CA। 4042 नंबर की गाड़ी को बरामद किया है. पुलिस ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के द्वारा थाना क्षेत्र बिसरख के पाम ओलंपिया सोसाइटी के अलग–अलग दो फ्लैट्स के अंदर से लोहे के औजारों की मदद से ये घटना को अंजाम देते थे.पुलिस के अनुसार आरोपी जेवर और नगदी चोरी करते थे. इस संबंध में उनके खिलाफ थाना बिसरख में एफआईआर दर्ज की गई है. पुलिस ने इन घटनाओं के बाद वहां निरीक्षण किया और सोसाइटी के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया. इसके बाद अपराधियों के आने और जाने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरी की फुटेज देखी गई.दोनों गिरफ्तार इतना ही नहीं पुलिस ने सर्विलांश के मदद से इन चोरों का काल डिटेल का अवलोकन किया गया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वसीम अकरम (30 साल) और अहमद हसन (42 साल) शामिल हैं. ये आरोपियों पहले सोसाइटी में जाकर बंद इन फ्लैट्स की रेकी करते थे. इसके बाद फ्लैट्स में घुसर नगदी और जेवर की चोरी कर लेते थे.

## ससुराल में सुनने न पड़ें बांझ के ताने, इसलिए महिला ने किया ऐसा . . काम, जानकर रह जाएंगे हैरान



दिल्ली के रोहिणी जिला के विजय विहार थाने की पुलिस टीम ने दो साल की एक मासूम बच्ची के अपहरण के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है. महिला के चंगुल से बच्ची को छुड़ा कर उसके परिजनों को भी सौंप दिया गया है. इस मामले में गिरफ्तार आरोपी महिला की पहचान, निर्जला देवी उर्फ प्रीति (37) के तौर पर हुई है. आरा. `पी महिला विजय विहार फेज 2 की रहने वाली है. पुलिस ने वारदात के महज 24 घंटों के अंदर ही आरोपी महिला का पता लगा कर उसे दबोच लिया.गली में खेलते हुए किडनैप हुई थी बच्चीडीसीपी डॉ. गुरइकबाल सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 5 सितंबर को विजय विहार थाने की पुलिस को वहीं के रहने वाले कमरूल हक ने अपनी दो साल की बच्ची के अपहरण की सूचना दी थी. शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनकी बच्ची घर के बाहर गली में खेल रही थी, तभी किसी अज्ञात महिला ने उसे अगवा कर लिया. उनके बयान के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई. ब्ब्ज्ट से चला महिला का पतामामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी रोहिणी और एसएचओ विजय विहार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सुशील शर्मा, एसआई देव कुमार, एएसआई कैलाश, एएसआई अनुराग, हेड कॉन्स्टेबल विपिन त्यागी, अमित, हवा सिंह, सुनील, कांस्टेबल आशीष, रविकांत और विनीत की दो विशेष टीमों का गठन कर आरोपी महिला का पता लगा कर बच्ची की बरामदगी के लिए लगाया गया. टीम ने तुरंत घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया. जिससे उन्हें एक सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बच्ची को अपने साथ ले जाती हुई नजर आई. इस पर टीम ने गंभीरता से प्रयास करते हुए आ. सपास के लगभग 6 किलोमीटर के संभावित मार्गों के 200–300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया. आखिरकार टीम की मेहनत रंग लाई और सीसीटीवी फुटेज, ह्यूमन इंटेलिजेंस और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला को रोहिणी सेक्टर–5 से दबोच लिया और उसके कब्जे से अपहृत बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया.संतान सुख पाने के लिए बच्ची को किया अगवापूछताछ में आरोपी महिला ने खुलासा किया कि उसकी शादी साल 2017 में यूपी के बुलंदशहर में हुई थी.

लेकिन शादी के 7 साल बीत जाने के बाद भी उसे कोई संतान नहीं है. इसलिए, मातृत्व की अपनी इच्छा को पूरा करने और अपने ससुराल में एक बांझ महिला की छवि से छुटकारा पाने के लिए उसने एक बच्चे का अपहरण करने का फैसला किया. अपनी योजना को साकार करने के लिए वह पटना में रहने का नाटक करके अपने ससुराल वालों से दूर दिल्ली में रह रही थी. उसने बताया कि, 5 सितंबर को उसकी नजर गली में खेल रही उस बच्ची पर पड़ी, जिसे उसने कुरकुरे का लालच देकर उठा लिया. इसके बाद वह पीड़ित बच्ची को लेकर रोहिणी सेक्टर–5 में अपने परिचित के घर गई और उसने अपने ससुराल वालों को बताया किउसने एक बच्ची को जन्म दिया है
और वह जल्द ही उसे लेकर बुलंदशहर आएगी. उसने आगे बताया कि 6 सितंबर की दोपहर को वह पीड़ित बच्ची को लेकर बुलंदशहर जाने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया. इस मामले में आगे की जांच जारी है.


जननायक सम्रा
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्धारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराक कार्यालय सरोज नगर ,ग नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनप अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।



आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाच पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो ची मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉ ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
मो:8218049162,82734024

# रास्ते में मांगी लिफ्ट, फिर तमंचा दिखाकर लूट ली बाइक, एक आरोपी गिरफ्तार

रतनेश गुप्ता रात में बाइक से घर आ रहे थे। रास्ते में एक युवक ने रतनेश से लिफ्ट मांग ली। पीछे बैठे युवक ने बाइक रोकने के लिए कहा। जैसे ही रतनेश ने बाइक रोकी, तभी उसका दूसरा साथी आ गया। दोनों ने रतनेश की कनपटी पर तमंचा रखकर बाइक और जेब में रखा मोबाइल लूट लिया।अलीगढ़ में थाना सासनी गेट क्षेत्र के मथुरा रोड स्थित ओवरब्रिज के पास 7 अक्टूबर की रात बदमाशों ने लिफ्ट लेने के बाद तमंचा दिखाकर हा. थरस के युवक से बाइक लूट ली। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। उसकी निशानदेही




पर बाइक को बरामद कर लिया गया है। हाथरस जंक्शन के देवी नगर निवासी रतनेश गुप्ता नोएडा मेट्रो में नौकरी करते हैं। वे 7 अक्टूबर रात बाइक से घर आ रहे थे। रास्ते में एक युवक ने रतनेश से लिफ्ट मांग ली। मथुरा रोड स्थित ओवरब्रिज के पास पहुंचते ही पीछे बैठे युवक ने बाइकरोकने के लिए कहा। जैसे ही रतनेश ने बाइक रोकी, तभी उसका दूसरा साथी आ गया। दोनों ने रतनेश की कनपटी पर तमंचा रखकर बाइक और जेब में रखा मोबाइल लूट लिया। विरोध पर गोली मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी सुग्रीव शर्मा निवासी हटलपुर, इगलास को गिरफ्तार किया है। सीओ प्रथम अभय पांडे ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है, उसे जल्द पकड़ा जाएगा।

श्री सिद्धपीठ माता चिन्तपूर्णी देवी व मनक. ामेश्वर महादेव चित्रगुप्त मंदिर, न्यू आर के पुरम, आगरा रोड, अलीगढ़ में दुर्गाष्टमी के पावन पर्व पर रात्रि 08 बजे हवन और आरती का आयोजन किया जाएगा।

## ब्लॉक गंगीरी के वृहद गौ-संरक्षण केंद्र नवीपुर के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

अलीगढ़ खण्ड विकास अधिकारी गंगीरी स्मृति अवस्थी ने अवगत कराया है कि शासन स्तर से विकास खण्ड गंगीरी के ग्राम पंचायत नवीपुर स्थित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र का संचालन विभागीय अधिकारियों की देखरेख में अनुबंध के तहत गैर सरक. ारी संगठनों के माध्यम से कराया जाना है, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक अपना आवेदन कर सकते हैं। बीडीओ ने बताया कि वृहद गौ संरक्षण केन्द्र नवीपुर का संचालन कराने के लिए कोई भी गैर सरकारी संगठन अपने संगठन के पंजीकरण से सम्बन्धित समस्त अभिलेख, अनुभव एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र संलग्न करते हुए अपना खण्ड विकास अधिकारी गंगीरी के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वृहद गौ संरक्षण केन्द्र का एमओयू उसमें संरक्षित गौवंश के भरण पोषण एवं उनकी अन्य व्यवस्थाओं को करने के लिए किया जायेगा। एमओयू के पश्चात भी गैर सरकारी संगठन का वहां की भूमि अथवा वहां बने हुए आधार भूत संरचना पर कोई अधिकार नहीं होगा।

## धर्म समाज बाल मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में दो स्केटिंग खो-खो यूपी टीम के खिलाड़ियों का सम्मान



दिनांक 28, 29 सितंबर 2024 को कमल पब्लिक स्कूल डी ब्लॉक, विक. ासपुरी, नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय नेशनल स्केटिंग खो–खो चौंपियनशिप 2024 में धर्म समाज बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलीगढ़ के स्केटिंग खो–खो यूपी टीम के जूनियर टीम कप्तान योग कुमार की टीम के तृतीय स्थान और सीनियर टीम के सदस्य कुशाग्र किशोर के द्वितीय स्थान पर आने पर दोनों खिलाड़ियों को प्रबंधक श्री संजय कुमार गोयल और प्रधानाचार्या श्रीमती रचना गुप्ता ने स्कूल का प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती रचना गुप्ता ने बताया दोनों खिलाड़ियों ने 15 अगस्त पर महाराष्ट्र पुणे द्वारा आयोजित 78 मिनट लगातार स्केटिंग चलकर इंडो एशिया रिकॉर्ड, आइकॉन एम्बेसडर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड पूर्ण किया था एवं दोनों खिलाड़ियों ने स्कूल का ही नहीं प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने स्केटिंग खो–खो कोच प्रदीप रावत को भी हार्दिक बधाई दी। सम्मानित करते समय हेडमिस्ट्रेस पूजा जैन, अनुशासन अधिकारी पुष्कर वार्ष्णेय, खेल प्रभारी स्केटिंग कोच प्रदीप रावत, रजनीश जैन गौरव राजपूत उपस्थित रहे।

## रॉयल क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 100 बॉल टूर्नामेंट में रॉयल स्ट्राइकर ने जीतकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



टूर्नामेंट के पांचवें मैच में रॉयल स्ट्राइकर की टीम ने रॉयल भोपाल ब्लास्टर को हराकर सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की की, पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल ब्लास्टर की टीम ने 100 गेंद पर 147 रन बनाए बाद में जवाब में उतरी रॉयल स्ट्राइकर की टीम ने 89 गेंद पर ही लक्ष्य की प्राप्ति करके अपनी जगह सैमीफाइनल में सुनिश्चित कर ली । मैच में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह, डी ए बी स्कूल के प्रधानाचार्य विपिन वार्ष्णेय जी , जनप्रिय संस्था के मुख्य सरंक्षक अटल वार्ष्णेय जी तथा श्री राम स्कूल से प्रशांत जी सम्मिलित हुये ।मैच के दौरान अतुल राजाजी, पीयूष गुप्ता प्रिंस, आशू गैस, मनीष वार्ष्णेय, विपिन वार्ष्णेय, प्रतीक किराना, विष्णु एन के ,ब भुवनेश आधुनिक, तरूण सैमसंग आदि मौजूद रहे ।

## उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो खो संघ के अध्यक्ष विवेक बंसल पूर्व विधायक ने किया स्केटिंग टाइम ट्रायल प्रतियोगिता का शुभारंभ



एसएमबी इंटर कॉलेज में अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के सौजन्य से स्केटिंग टाइम ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न हुई।। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश स्केट खो–खो संघ के अध्यक्ष विवेक बंसल पूर्व विधायक ने स्केटिंग टाइम ट्रायल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अध्यक्ष विवेक बंसल ने कहा स्केटिंग खेल एक रोमांचकारी खेल है । एक कुशल खिलाड़ी को कभी भी हार से निराश नहीं होनी चाहिए। हार से खिलाड़ी को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। स्केटिंग खेल से खिलाड़ी हमेशा ऊर्जावान रहता है। एक कुशल खिलाड़ी अनुशासित रहकर हर क्षेत्र में सफलता का झंडा लहराता है। विवेक बंसल ने कहा अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के खिलाड़ी हमेशा प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करते रहे हैं। मुख्य अतिथि विवेक बंसल का स्वागत स्केटिंग सचिव प्रदीप रावत ने किया। प्रदीप रावत ने बताया शिमला में होने जा रही नवंबर माह नेशनल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के चयन के लिए अलीगढ़ में स्केटिंग की तीन सीरीज में प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिन खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छे स्तर का होगा उनका चयन शिमला चौंपियनशिप के लिए किया जाएगा। स्केटिंग टाइम ट्रायल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न आयु में प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में 64 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता के समय ,रिंकू दिक्षित, राहुल भाटी, राशिद खान प्रियंका गुरनानी अनुराग जादोन, चेतन शर्मा साधना सिंह, माधुरी का विशेष सहयोग रहा है। टाइम ट्रायल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कल्याणी और बालक वर्ग में हिमांशु धनगर चौंपियन रहे हैं।प्रतियोगिता का संचालन सचिव प्रदीप रावत ने किया। प्रतियोगिता में अलग–अलग आयु वर्ग ग्रुप में और अलग–अलग क्वार्टज और इनलाइन स्केट्स में प्रथमआए खिलाड़ी हिमांशु धनगर, मो. हम्मद मुस्तफा खान, सुमित कुमार ,अवनीत यादव, तनिक दीक्षित ,हिमांशु धनगर , ,आदित्य ठाकुर, योग कुमार,हर्ष गुप्ता, मोहम्मद यूसुफ खान, निहित ठाकुर, रियांश कुमार, प्रणव वार्ष्णेय ,हितांश कुमार विधान प्रताप सिंह, आदित्य बंसल , रेयांश हरियाणा,बालिका वर्ग में कल्याणी, शिव जादौन,दिव्यांशी अग्रवाल,, हर्षिता राठौर , काव्या शर्मा प्रथम रहे हैं।

# इनकम दिखाई 9570 रुपये की लेकिन चुकाना पड़ा 43.5 लाख रुपये का टैक्स, वजह कर देगी हैरान

आपने इनकम टैक्स से जुड़ी कई खबरें सुनी होंगी कि किसी को ज्यादा टैक्स चुकाना पड़ा. ऐसा मामला सामने आया है जहां देश के एक टैक्सपेयर ने इनकम तो दिखाई 9570 रुपये की लेकिन उसको पूरे 43.5 लाख रुपये का टैक्स चुकाना पड़ा. हालांकि ये कैसे हुआ इसके पीछे एक बड़ी वजह है जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे. इनकम टैक्स अप. ीलैट ट्रिब्यूनल (प्ज्।ज्) का नियम जाना क्याइनकम टैक्स अपीलैट ट्रिब्यूनल का हाल ही में ये नियम आया है कि किसी नागरिक की अमेरिका में इनकम है तो उसको भारत में टैक्सेबल माना जाएगा. इसके बाद एक भारतीय नागरिक की साल 2012–13 में दिखाई गई इनकम जो कि 9570 रुपये थी, वो बढ़कर 43.5 लाख रुपये पर आ गई और ये भारत–अमेरिका के बीच हुई ट्रीटी यानी संधि के कारण हुई है क्योंकि ये शख्स है तो इंडियन सिटीजन लेकिन अमेरिका में की गई कमाई के ऊपर भारत में टैक्स लग गया. दरअसल इसके पीछे इनकम टैक्स अपीलैट ट्रिब्यूनल का वो नियम है जिसके मुताबिक जिन नागरिकों का भारत और अमेरिका यानी दोनों देशों में रेसीडेंस है, उनके लिए टैक्स लायबिलिटी उस देश में बनेगी जहां उनके वाइटल इंटरेस्ट हैं यानी महत्वपूर्ण पक्ष हैं.पूरा मामला क्या है समझिए यहांइसे ऐसे समझिए कि जो ग्लोबल मोबाइल सिटीजन्स होते हैं वो अक्सर दो देशों के टैक्स रेसीडेंस के तौर पर देखे जाते हैं जैसे उदाहरण के लिए अमेरिका और भारत के सिटीजन्स.. इस दोहरी टैक्स नागरि. कता का मामला सुलझाने के लिए टाई–ब्रेकर टेस्ट होता है जो नागरिकों की टैक्स लायबिलिटी किस देश में है–इसका निर्धारण करती है. भारत–अमेरिका संधि में टाई–ब्रेकर टेस्ट में टैक्स चुकाने की लायबि. लिटी कोपरमानेंट घर जैसे कारकों के आधार पर माना गया है. इस शख्स केखास मामले में ऐसा ही हुआ क्योंकि 9570 रुपये की इनकम दिखाने वाला शख्स के पास वैसे तोदोनों देशों में घर था लेकिन उसके महत्वपूर्ण इंटरेस्ट भारत में ज्यादा देखे गए. लिहाजा वो टैक्स रेसीडेंट तो भारत के माने गए लेकिन अमे. रिका में कमाई गई इनकम को टैक्सेबल माना गया.




## त्योहारी सीजन में RBI ने दी बड़ी सौगात, लोन बंद करने पर नहीं देने होंगे ये चार्जेज



बैंकों, हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों और एनबीएफसी से लोन लेने वालों को बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर आरबीआई ने त्योहारी सीजन पर बड़ी सौगात दी है. आरबीआई ने लोन लेने वाले कस्टमर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए फ्लोटिंग रेट वाले टर्म लोन (थ्सवंजपदह त्ंजम ज्मतउ स्वंद ) के बंद करने पर फोरक्लोजर चार्जेज (वितमबसवेनतम बिंतहमे) या प्री–पेमेंट पेनल्टी (च्तम–च्ंलउमदज च्मदंसजपमे) को खत्म कर दिया है. बैंक (ठंदा) या एनबीएफसी (छठथ्ब्) लोन लेने वाले कस्टमर्स से फ्लोटिंग रेट वाले लोन को बंद करने पर पेनल्टी या क्लोजर चार्ज नहीं वसूल सकेंगे.
बैंक–छठथ्ब् के फोरक्लोजर चार्जेज वसूलने पर रोक आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि, पिछले कई वर्षों में रिजर्व बैंक ने कस्टमर्स के हितों की रक्षा करने के लिए कई कदम उठाये हैं. इसी के तहत बिजनेस को छोड़कर इंडीविजुअल्स कैटगरी के तहत कर्ज लेने वाले जो फ्लोटिंग रेट वाले टर्म लोन लेते हैं उनसे लोन को बंद करने पर बैंक या एनबीएफसी को फोरक्लोजर चार्जेज या प्री–पेमेंट पेनल्टी वसूलने की इजाजत नहीं है. माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज को राहत आरबीआई गवर्नर ने बताया कि अब इस गाइडलाइंस को और विस्तार दिए जाने का फैसला लिया गया है. माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज (डपबतव ंदक ैउंसस म्दजमतचतपेमे) को दिए जाने वाले लोन पर भी ये गाइडलाइंस प्रभावी होगा. यानि माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज को दिए जाने वाले फ्लोटिंग रेट वाले टर्म लोन पर भी बैंकों और एनबीएफसी फोरक्लोजर चार्जेज या प्री–पेमेंट पेनल्टी आने वाले दिनों में नहीं वसूल सकेंगे. शक्तिकांत दास ने कहा, जल्द ही इस दिशा में पब्लिक कंसलटेशन के लिए ड्रॉफ्ट सर्कुलर जारी किया जाएगा. क्या होता है फ्लोटिंग रेट वाले लोन? बैंकों दो प्रकार से लोन की ब्याज दरें तय करते हैं. एक फ्लोटिंग रेट वाला लोन होता है तो दूसरा फिक्स्ड रेट वाला लोन. फ्लोटिंग रेट वाला लोन बेंचमार्क रेट पर आधारित होता है. मसलन आरबीआई जब भी अपने पॉलिसी रेट्स यानि रेपो रेट में बदलाव करता है तो बैंक भी फ्लोटिंग रेट वाले लोन पर ब्याज दरों को बढ़ा देते हैं. और अगर आरबीआई कटौती करता है तो बैंक लोन पर ब्याज दरों को घटा देते हैं. लेकिन फिक्स्ड रेट वाला लोन के ब्याज दर स्थिर होते हैं. लोन लेते समय जो ब्याज दरें तय हो जाती है वो लोन के खत्म होने तक बनी रहती है. बैंक या एनबीएफसी होम लोन फ्लोटिंग रेट पर देते हैं. जबकि गोल्ड लोन, कार लोन और एजुकेशन लोन की ब्याज दरें फिक्स्ड होती है. अब आरबीआई ने तय किया है कि माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज को दिए जाने वाले फ्लोटिंग रेट वाले टर्म लोन के समय से पहले खत्म करने पर बैंक और एनबीएफसी फोरक्लोजर चार्जेज या प्री–पेमेंट पेनल्टी नहीं वसूल सकेंगे.

## सोना खरीदने का अच्छा मौका, रेट में भारी गिरावट, जानें पटना के बाजारों का हाल

अक्टूबर का महीना त्योहारी सीजन का होता है. इसमें दीवाली, धनतेरस के साथ–साथ करवाचौथ का भी व्रत है. करवा चौथ पर पत्नियां अपने पति के लिए व्रत रखती है और पति उन्हें गिफ्ट के रूप में आभूषण भी देते है. इस बीच सोने के दर में भारी गिरावट हुई है.अक्टूबर का महीना त्योहारी सीजन का होता है. इसमें दीवाली, धनतेरस के साथ–साथ करवाचौथ का भी व्रत है. करवा चौथ पर पत्नियां अपने पति के लिए व्रत रखती है और पति उन्हें गिफ्ट के रूप में आभूषण भी देते है. अगर आप भी करवा चौथ पर गोल्ड का सेट अपनी पत्नी को गिफ्ट करना चाहते हैं तो इसके लिए अच्छा मौका है. आप जानते ही है कि दीवाली आते–आते सोने के दामों में काफी उछाल देखा जाता है. लेकिन लगातार तीन दिन से गोल्ड के रेट गिर रहे है. आज 22 कैरेट और 24 कैरेट के दाम कई



शहरों में गिर गए हैं.आज क्या है सर्राफा बाजार में सोने का भाव?वहीं आज 9 अक्टूबर को बिहार की राजधानी पटना में 22 कैरेट सोने के दाम 70 हजार 350 रुपये प्रति दस ग्राम और 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 76 हजार 750 रुपये प्रति दस ग्राम दर्ज की गई है. वहीं 18 कैरेट सोने की कीमत 57 हजार 560 रुपये प्रति दस ग्राम दर्ज की गई है.बता दें कि यदि आप सोने के सेट की खरीदारी कर रहे हैं तो उस सेट पर कैरेट का हॉलमार्क जरूर चेक करें. हर कैरेट का हॉलमार्क अलग होता है. बिना हॉलमार्क के सेट नहीं खरी. दना चाहिए. इसी के साथ–साथ उसकी गुणवत्ता का भी खास ध्यान रखना चाहिए.आज क्या है चांदी का रेट?राजधानी पटना में चांदी के रेट की दरों में थोड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है.

आज 1 किलो चांदी का



रेट 94000 रुपये है. बिहार के लोग चांदी और सोने के गहने पहनना काफी ज्यादा पसंद करते है. इसलिए आज उनके लिए अच्छा मौका है.

## फेस्टिव सीजन में शॉपिंग पर यूपीआई से कर सकेंगे ज्यादा पेमेंट, त्ठप् ने बढ़ाई ट्रांजेक्शन लिमिट

आरबीआई गवर्नर ने यूपीआई की ट्रांजेक्शन लिमिट को बढ़ाकर आम लोगों को तोहफा दिया है. इसके जरिए सबसे ज्यादा फायदा छोटे ट्रांजेक्शन करने वाले कस्टमर्स को होने वाला है. इसके अलावा यूप. ीआई लाइट और यूपीआई 123पे को लेकर भी बड़ी खुशखबरी दी है. यूपीआई को लेकर तीन बड़े बदलाव किए गए हैं और इसका फायदा आम लोगों से लेकर छोटे–छोटे ट्रांजेक्शन करने वालों को सबसे ज्यादा मिलने वाला है. आरबीआई के यूपीआई पर 3 बड़े फैसले जानिए

1. यूपीआई 123पे की लिमिट को बढ़ाया गया है और इसे 5000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है.

2. यूपीआई लाइट की वॉलेट लिमिट भी 2000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये कर दी है और इसके जरिए आम लोगों को बड़ा फायदा मिलेगाा क्योंकि वो छोटे ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई लाइट का जमकर इस्तेमाल करते हैं.

3. यूपीआई लाइट की प्रति ट्रांजे. क्शन लिमिट को भी बढ़ाया गया है और इसे 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन कर दिया गया है.आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने यूपीआई की महत्ता को लेकर कही बड़ी बात आरबीआई के ऐलानों में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए भारत के आर्थिक लैंडस्केप में बड़ा बदलाव आया है. इसके दम पर देश में पैसे का ट्रांजेक्शन बड़ा आसान और सुलभ हुआ है. होम लोन–कार लोन की ईएमआई पर बदलाव नहीं भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) ने अपनी क्रेडिट पॉलिसी में लगातार दसवीं बार रेपो रेटमें कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है. रेपो दर के बराबर रहने का मतलब है कि होम लोन, ऑटो लोन समेत अलग–अलग लोन पर आपकी ईएमआई में बदलाव की संभावना कम है.आरबीआई गवर्नर की सधी हुई स्पीचआरबीआई गवर्नर ने कहा कि फाइनेंशियल सेक्टर हेल्दी, जुझारू और स्टेबल है और भारतीय करेंसी रुपया काफी हद तक सीमित दायरे में बना हुआ है. मौजूदा आर्थिक चुनौतियों और ग्लोबल परिदृश्य के चलते आरबीआई ने सतर्क रुख अपनाया हुआ है और वो कैश मै. नेजमेंट में चुस्त और लचीला बना रहेगा. उन्होंने ये भी कहा कि भारतीय बैंकों की सेहत मजबूत है और बढ़ते कंज्यूमर लोन और

खबरों एंव राष्ट्रीय पर्व प्रचार प्रसार एंव शुभकामनायें संदेश हेतू संम्पर्क करे।
मो :9870916612
8218049162